श्री मनोहर प्रसाद सिंह, माननीय स०वि०स० से प्राप्त ध्यानाकर्षण सूचना सं०-04/26 के संबंध में

कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अंतर्गत लखनपुर पंचायत के ग्राम लखनपुर, वार्ड संख्या-09 एवं 10 पिछले कई वर्षों से महानन्दा नदी के कटाव से प्रभावित हैं। अबतक सैकड़ो घर नदी में समा चुके हैं। पूर्व में 600 मीटर कटाव निरोधी कार्य हुआ था, जो वर्तमान में क्षतिग्रस्त हो गया है। क्षतिग्रस्त कार्य की मरम्मती और आगे 600 मीटर बंगाल सीमा तक कटाव निरोधी कार्य नहीं किया गया तो सारा गाँव कटाव की चपेट में आ सकता है।

अतः उल्लेखित कार्य करने के लिए, मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूँ।

सरकार का वक्तव्य

वस्तुस्थिति यह है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अंतर्गत लखनपुर पंचायत के ग्राम लखनपुर, वार्ड संख्या-09 एवं 10 के समीप बाढ़ वर्ष 2023 पूर्व 600 मीटर की लंबाई में कटाव निरोधक कार्य कराया गया है।

विगत वर्षो में कराया गया कार्य 180 मीटर की लंबाई में क्षतिग्रस्त हुआ है जिसके पुनर्स्थापन का कार्य वर्तमान में प्रगति में है। कार्य को बाढ़ अवधि के पूर्व पूर्ण कर लिया जायेगा।

बंगाल सीमा तक के प्रश्नगत अन्य 600 मीटर के प्रभाग में कटाव से वर्तमान में आबादी प्रभावित नहीं है। बाढ़ अवधि 2026 में प्रश्नगत स्थल के समीप कटाव होने पर आवश्यकतानुसार बाढ़ संघर्षात्मक कार्य कराकर स्थल को सुरक्षित रखा जायेगा।

P.T.O

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25 / वि0स0ध्याना0(क0)–01–08 / 2026– पटना, दिनांक–
प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को उनके ज्ञापांक–259 दिनांक–15.04.2026 के प्रसंग में ध्यानाकर्षण सूचना सं0–04 / 26 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0ध्याना0(क0)–01–08 / 2026– पटना, दिनांक–
प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0ध्याना0(क0)–01–08 / 2026– पटना, दिनांक–
प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0ध्याना0(क0)–01–08 / 2026– 2239 पटना, दिनांक– 20/05/2026
प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

19.05.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव